जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय, कोटा

रक्त समूह तथा हिमोग्लोबिन जांच शिविर

दिनांक 28.09 .2022 को रेड रिबन क्लब व राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय रक्त समूह तथा हिमोग्लोबिन जांच शिविर का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ संजय भार्गव ने सर्वप्रथम हीमोग्लोबिन की जांच करवा कर शिविर का शुभारंभ किया तथा छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि ज्यादातर महिलाओं में हिमोग्लोबिन की अल्पता पाई जाती है अत: इन्हें अधिक से अधिक आयरन युक्त भोज्य पदार्थ का उपयोग करना चाहिए। रेड रिबन क्लब प्रभारी डॉ जागृति मीणा ने बताया कि हमारे शरीर में पाए जाने वाला कॉन्प्लेक्स प्रोटीन है जो रक्त को फेफड़ों से शरीर के विभिन्न भागों तक पहुंचाने का कार्य करता है। इसकी कमी से एनीमिया हो सकता है। एनएसएस प्रभारी सुश्री प्रीति बेरवा ने बताया कि अधिकतर छात्रों को स्वयं के रक्त समूह के बारे में जानकारी नहीं है।शिविर के माध्यम से छात्राओं को अपने रक्त समूह के बारे में जानकारी मिलेगी और छात्राएं संतुलित आहार लेकर हिमोग्लोबिन की कमी को दूर कर सकती है। कार्यक्रम में वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ प्रतिमा श्रीवास्तव, डॉ स्मृति जोहरी, डॉ सरस्वती अग्रवाल, श्री निमिष कुमार,डॉ विकास जांगिड़, राखी मेथी ने अपना पूर्ण सहयोग दिया। छात्र संघ अध्यक्ष सुश्री अंजलि मीणा व छात्रसंघ पदाधिकारी ने छात्राओं को प्रोत्साहित कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना सहयोग दिया। महाविद्यालय के संपूर्ण स्टाफ तथा 100 से ज्यादा छात्राएं इस शिविर में हिमोग्लोबिन व रक्त समूह की जांच करवा कर लाभान्वित हुई। शिविर की व्यवस्था केंद्रीय प्रयोगशाला एमबीएस अस्पताल के इंचार्ज डॉ राकेश शर्मा ने की तथा प्रयोगशाला तकनीकी सहायक नेमीचंद तथा अरविंद कुमार ने अपनी सेवाएं दे कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

रक्त समूह, हीमोग्लोबिन जांच शिविर

कोटा @ पत्रिका. रेड रिबन क्लब व राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय रक्त समूह, हीमोग्लोबिन जांच शिविर का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. संजय भार्गव ने सर्वप्रथम हीमोग्लोबिन की जांच करवाई। रेड रिबन क्लब प्रभारी डॉ. जागृति मीणा, एनएसएस प्रभारी प्रीति बैरवा ने बताया कि छात्राएं संतुलित आहार लेकर हीमोग्लोबिन की कमी को दूर कर सकती हैं। कार्यक्रम में वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. प्रतिमा श्रीवास्तव, डॉ. स्मृति जोहरी, डॉ. सरस्वती अग्रवाल, निमिष कुमार, डॉ. विकास जांगिड़, राखी मेथी ने अपना पूर्ण सहयोग दिया। छात्रसंघ अध्यक्ष अंजलि मीणा व छात्रसंघ पदाधिकारी ने छात्राओं को प्रोत्साहित किया।

आयरन व संतुलित आहार एनीमिया से बचाएगा

नवज्योति/कोटा।

रेड रिबन क्लब व राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को जेडीबी साइंस कॉलेज में रक्त व हिमोग्लोबिन जांच शिविर आयोजित किया गया। प्राचार्य डॉ. संजय भार्गव ने कहा, महिलाओं में अक्सर हिमोग्लोबिन की कमी होती है। जिसे दूर करने के आयरनयुक्त भोजन व संतुलित डाइट का उपयोग करना चाहिए। रेड रिबन क्लब प्रभारी डॉ. जागृति मीणा ने बताया कि शरीर में कॉम्प्लेक्स प्रोटीन होता है जो रक्त को फेफड़ों से शरीर के विभिन्न भागों तक पहुंचाने का काम करता है। इसकी कमी से एनीमिया हो सकता है। एनएसएस प्रभारी प्रीति बैरवा ने बताया कि अधिकतर छात्राओं को खुद के बल्ड ग्रुप की जानकारी नहीं होती है, इसलिए शिविर आयोजित कर रक्त ग्रुप बताया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. प्रतिमा श्रीवास्तव ने बताया कि एमबीएस अस्पताल के केंद्रीय प्रयोगशाला इंचार्ज डॉ. राकेश शर्मा , तकनीकी सहायक नेमीचंद व अरविंद कुमार ने सेवाएं दी। इस दौरान डॉ. स्मृति जोहरी, डॉ. सरस्वती अग्रवाल, निमिष कुमार, विकास जांगिड़, राखी मैथी छात्रसंघ अध्यक्ष अंजलि मीणा सहित बड़ी संख्या में छात्राएं मौजूद रही।

प्राचार्य
[illegible] राजकीय कन्या महाविद्यालय, कोटा